कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, रामगढ़।

–:नियुक्ति संबंधी सूचनाः–

फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए कृषि निदेशालय का पत्रांक 2996 दिनांक 22.07.2026 के कार्यान्वयन हेतु रामगढ़ जिला में पौधा संरक्षण केन्द्रों में रिक्त पदों पर मानदेय/पारिश्रमिक/संविदा के आधार पर मानव बल की नियुक्ति हेतु आंमत्रित की जाती है जो निम्नवत् है :–

पदनाम	पदों की संख्या	आयु सीमा	मसिक पारिश्रमिक राशि	शैक्षणिक योग्यता	कार्यानुभव
फसल रक्षक	02 (अनारक्षित–1 अ0ज0जा0–1)	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	11851/–	1. मैट्रिक में उत्तीर्ण 2. कृषि एवं उद्यान निदेशालय अंतर्गत न्यूनतम एक 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त होना अनिवार्य होगा तथा स्थानीय भाषा की जानकारी।	पेड़ में चढ़ना एवं साईकिल चलाना। (आनिवार्य)

(क) कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (कृषि प्रभाग) का राज्यादेश संख्या– 03/कृ0रा0यो0 –07/ 2023 03/कृ0 दिनांक 23.05.2026 एवं कृषि निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 2996 दिनांक 22.07.2026 एवं दिनांक 23.04.2026 की बैठक की कार्यवाही के आलोक में पौधा सरंक्षण केन्द्र में पारिश्रमिक के आधार पर मानव बल की नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्ते निम्नलिखित हैः–

- चयनित अभ्यर्थी फरवरी 2027 अथवा इन पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक–दोनों में जो पहले हो, की अवधि तक ही कार्यरत रहेंगे।

1. उम्र सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा वह होगी जो विभिन्न श्रेणियों हेतु सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित हो।
2. अभ्यर्थियों की आयु सीमा निम्नवत् होगी :– अनारक्षित (UR) वर्ग के लिए - 35 वर्ष, अनुसूचित जन जाति (परूष एवं महिला)- 40 वर्ष
3. जिला अंतर्गत पौधा सरंक्षण केन्द्र रामगढ़ सदर, एवं माण्डू प्रति केन्द्र में एक–एक पद पर कुल 02 (दो) पदो पर चयन किया जायेगा, जहाँ आवेदक ने आवेदन सर्मिपत किया है।
4. जो प्रखण्ड में पौधा संरक्षण केन्द्र संचालित हैं वहाँ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।

(ख) चयन प्रक्रियाः–

1. मानदेय/पारिश्रमिक/संविदा के आधार पर नियुक्ति विभिन्न जिलों के लिए उपलब्ध कराये गये उम्मीदवारों में से सामान्य हिन्दी, स्थानीय भाषा, आचरण प्रमाण–पत्र के आधार पर सक्षम प्राधिकार द्वारा एक मेधा सूची तैयार कर की जायेगी।

(ग) आवेदन प्रक्रियाः–

1. आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता, कृषि एवं उद्यान निदेशालय अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **दिनांक 23.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक है**। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. अपूर्ण आवेदन अथवा आवश्यक निर्धारित मापदण्डो को पूरा नहीं करने वाले आवेदकों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. आवेदन के लिए प्रयुक्त लिफाफा के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं आवेदक का नाम, पूरा पता उल्लेख किया जाना आवश्यक है।
5. रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किया जायेगा, अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. कृषि एवं उद्यान निदेशालय अंतर्गत 05 दिवसीय प्रशिक्षण अनिवार्य एवं उससे ऊपर अवधि के प्रशिक्षण लिए गये अभ्यर्थियों तथा कृषि प्रभाग अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7. प्राप्त आवेदनों पर चयन प्रक्रिया समिति द्वारा ही लिया जायेगा। जो समिति अंतिम निर्णय के फलस्वरूप ही जिले के रोस्टर अनुसार नियुक्ति किये जायेगें। जिसमें आवेदक किसी भी प्रकार का दावा नहीं कर सकते है।

आवेदन करने का पताः– कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), कार्यालय, रामगढ़, Ground Floor, Block-C, New collectorate Building, Chhattarmandu, Ramgarh, पिनकोड– 825101

03/11/2026.

जिला कृषि पदाधिकारी,
रामगढ़।

आवेदन का प्रारूप

स्वाअभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाये।

1. पद का नाम.....
2. आवेदक का नाम.....
3. पिता/पति का नाम.....
4. जन्म तिथि.....
5. लिंग.....
6. स्थायी पता.....

.....

7. पत्राचार का पता.....

.....

8. मोबाईल नं0 .....
9. राष्ट्रीयता .....
10. कोटि.....सामान्य.....अत्यंत पिछड़ा वर्ग.....पिछड़ा वर्ग.....

    अनुसूचित जाति.....अनुसूचित जनजाति.....।

11. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम	प्राप्तांक का प्रतिशत
मैट्रिक			
इंटर			
स्नातक			
प्रशिक्षण संबंधित प्रमाण पत्र/अन्य योग्यता			

घोषणा

मैं एतद् घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और असत्य पाए जाते है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांक :–
स्थानः–

आवेदक का हस्ताक्षर